सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-519
25/10/2017

लोक आस्था का महापर्व छठ आत्मानुशासन की प्रेरणा देता है :– मुख्यमंत्री

पटना, 25 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के अवसर पर 1, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर लोगों के बीच खरना का प्रसाद वितरण किया। प्रसाद ग्रहण करने वालों में राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, गन्ना उद्योग मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री बिनोद नारायण झा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी सहित अनेक विधायक, विधान पार्षद तथा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। इसके अलावा विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित राज्य प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त बिहारवासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि इस महापर्व के दौरान आत्मानुशासन देखने को मिलता है और हर व्यक्ति स्वच्छता पर नजर रखता है। उन्होंने कहा कि जितनी आस्था एवं आत्मानुशासन देखने को मिलता है, यदि छठ पर्व के अलावा दस–बीस दिन इसी तरह का आत्मानुशासन समाज में आए तो यह बहुत बड़ा परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि मेरी समझ से तो यह प्रकृति की पूजा है और सूर्य की पूजा है, जिनको हमसब लोग देखते हैं और जिनके ऊपर सब कुछ निर्भर है। उन्होंने कहा कि पूरी पृथ्वी जिनका चक्कर काट रही है और हम सब लोग उस पर निवास करते हैं, इससे ज्यादा जीवंत और विश्वास के प्रति दूसरा कोई पर्व नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यह पर्व बहुत लोकप्रिय है और बिहार के बाहर जो लोग रहते हैं, वह भी इसको मनाते हैं। अब तो छठ पर्व के प्रति लोगों की आशक्ति बढ़ती चली जा रही है और अब देश के कोने–कोने में छठ का यह त्योहार अच्छे ढंग से होता है। उन्होंने एक बार फिर से सभी को छठ पर्व की शुभकामनायें दीं।

******